**नेपा लिमिटेड में आयोजन** वे हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है, क्योंकि हम संसाधन न होने अथवा सीमित सुविधाओं को कोसकर हताश हो जाते हैं : अलागेसन

# बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया

नेपानगर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में बुधवार को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने आधुनिक युग में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और उनके द्वारा चलाए गए विद्रोह को प्रेरणादायक बताया। कहा कि बिरसा मुंडा ने सीमित संसाधनों में शक्तिशाली अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह किया और शून्य से प्रारंभ कर उस आंदोलन के साथ हजारों आदिवासी युवाओं को जोड़कर एक नया इतिहास रचा। अलागेसन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के साथ स्वच्छता जागृति के लिए अद्भुत कार्य किया जो हम जैसे कई लोगों के लिए प्रेरणादायक है क्योंकि हम बात बात पर संसाधन न होने अथवा सीमित सुविधाओं के कारण कई बार निराश और हताश हो जाते हैं। नेपा लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने और जनजातीय गौरव से साक्षात्कार करने हेतु नेपा लिमिटेड द्वारा प्रशासनिक कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, आईटी अधिकारी आभा महतो, सहायक अधिकारी वाणिज्य ओपी शुक्ला, प्रदीप चौरे आदि उपस्थित थे।



नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में बिरसा मुंडा की लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। इस दौरान स्टाफ भी मौजूद रहा। • नईदुनिया

---

**आयोजन** • महाप्रबंधक तकनीकी ने कहा- आज के आधुनिक युग में बिरसा मुंडा के विचार प्रेरणादायक

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन ने संबोधित किया।

उन्होंने आज के आधुनिक युग में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और उनके द्वारा चलाए गए विद्रोह को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने सीमित संसाधनों में शक्तिशाली अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह किया और शून्य से प्रारंभ कर उस आंदोलन के साथ हजारों आदिवासी युवाओं को जोड़कर एक नया इतिहास रच डाला। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के साथ स्वच्छता जागृति के लिए अद्भुत कार्य किया, जो हम जैसे कई लोगों के लिए प्रेरणादायक हो सकता है। बात-बात पर संसाधन न होने अथवा सीमित सुविधाओं के कारण कई बार निराश और हताश हो जाते हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता व आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने और जनजातीय गौरव से साक्षात्कार करने के लिए नेपा लिमिटेड द्वारा प्रशासनिक कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, आईटी अधिकारी आभा महतो, सहायक अधिकारी वाणिज्य ओपी शुक्ला, प्रदीप चौरे सहित कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।



नेपा मिल में जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा के बारे में बताया गया।

आयोजन

# नेपा मिल में गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

नेपानगर @ पत्रिका. जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन द्वारा आज के आधुनिक युग में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और उनके द्वारा चलाए गए विद्रोह को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने



लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

सीमित संसाधनों में शक्तिशाली अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह किया और शून्य से प्रारंभ कर उस आंदोलन के साथ हजारों आदिवासी युवाओं को जोडकर एक नया इतिहास रच डाला। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के साथ स्वच्छता जागृति के लिए अद्भुत कार्य किया जो हम जैसे कई लोगों के लिए प्रेरणादायक हो सकता है। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने और जनजातीय गौरव से साक्षात्कार करने के लिए नेपा लिमिटेड द्वारा प्रशासनिक कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।